तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 अगस्त 2025

11 सब्जी मंडी: सफाई खर्च 1:10 लाख मासिक, कोताही पर 5000 जुर्माना



12 कल्पना चावला विद्यापीठ में किया गया खो-खो टीम का स्वागत



## स्वतंत्रता दिवस: सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, केवल फ्लैग लगे वाहन व सरकारी गाड़ियां को ही मिलेगा प्रवेश, डिप्टी स्पीकर करेंगे ध्वजारोहण

# 40 राइडर, 15 पीसीआर, 31 डायल-112 वाहन करेंगे निगरानी

**सार्वजनिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले बाजारों में सादी वर्दी में भी तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी समारोह स्थल की सुरक्षा को लेकर बनाई विशेष रणनीति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर निगरानी बढ़ा दी है व कार्यक्रम स्थल पर विशेष सुरक्षा घेरा बनाया गया है। जिले में रात्रि गश्त तेज कर दी गई है, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

समारोह स्थल के सामने से वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। निगरानी के लिए 40 राइडर, 15 पीसीआर, 31 डायल-112 वाहन और 5 पायलट गाड़ियां तैनात की गई हैं। भीड़भाड़ वाले बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर वर्दीधारी और सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। समारोह स्थल के चारों ओर पुलिस का सुरक्षा घेरा होगा और हर आने-जाने वाले पर नजर रखी जाएगी। समारोह स्थल पर निजी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल फ्लैग लगे वाहन और सरकारी गाड़ियां ही अंदर प्रवेश कर सकेंगी। भीड़भाड़ से बचने के लिए समारोह में आने वाले नागरिकों के लिए सचिवालय के सामने खाली मैदान व जिला जेल के बाहर पार्किंग बनाई गई है।



### ड्रोन हमले को लेकर अलर्ट

पुलिस ने ड्रोन हमले की आशंका को भी गंभीरता से लिया है। कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ड्रोन पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं और पुलिस कर्मियों को ड्रोन से संबंधित सुरक्षा उपायों की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। किसी भी संदिग्ध ड्रोन के दिखते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### रूट किए डायवर्ट

प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्ट किया है। सोनीपत से गोहाना जाने वाले वाहन अब महलाना चौक से महलाना रोड, सेक्टर-23 होते हुए गढ़ी ब्राह्मणान से गोहाना रोड पर पहुंचेंगे। गोहाना से सोनीपत आने वाले वाहन बाइपास से जाहरी रेलवे फ्लाइओवर, जटवाड़ा होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे। समारोह स्थल के आसपास यातायात सुचारू रहेगा और सुरक्षा जांच में भी आसानी होगी।

### किरायेदारों की वेरिफिकेशन अनिवार्य

पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि मकान मालिक किरायेदारों की वेरिफिकेशन अवश्य कराएं। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या लावारिस सामान को न छुएं और तुरंत डायल-112, कंट्रोल रूम नंबर 7419410578 या नजदीकी थाने को सूचित करें। किसी भी संदिग्ध ड्रोन को देखकर तुरंत जानकारी दें।

### संदिग्धों की पहचान कर रही पुलिस

जिले की निगरानी के लिए 40 राइडर, 15 पीसीआर, 31 डायल-112 वाहन और 5 पायलट गाड़ियां चौकसी में रहेंगी। 30 स्थायी नाके स्थापित किए गए हैं, जहां हर वाहन की गहन जांच होगी। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की जाएगी। बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील इलाकों में वर्दीधारी और सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। रात में विशेष गश्त अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कॉलोनियों और बस्तियों में जाकर संदिग्धों की पहचान और जांच कर रही है।

### सुरक्षित समारोह व नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता

जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। हमारा मकसद है कि स्वतंत्रता दिवस का उत्सव पूरी तरह सुरक्षित, शांतिपूर्ण और गरिमामय माहौल में संपन्न हो। नागरिकों का सहयोग इस सुरक्षा कवच को और मजबूत बनाएगा।

*-नरेंद्र कादियान, सहायक पुलिस आयुक्त, सोनीपत।*

### डिप्टी स्पीकर करेंगे ध्वजारोहण, फुल ड्रेस रिहर्सल आज



**सोनीपत।** पुलिस लाइन में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। 13 अगस्त को पुलिस लाइन में फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्कूली छात्र-छात्राएं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। डीसी सुशील सारवान ने बताया कि गोहाना में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक कृष्णा गहलावत, गन्नौर में विधायक देवेन्द्र कादियान तथा खरखौदा में विधायक पवन खरखौदा तिरंगा फहराएंगे।




## भाजपा नेता का मॉल सील करने पहुंची टीम, 18 तक मांगा समय

- तरूण देवीदास की तरफ 17 .50 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया, पुर्नगणना की दी गई है नगर निगम में शिकायत
- इसके बाद टीम की मुरथल जीटी रोड स्थित 40 लाख के डिफाल्टर बैंकवेट हाल पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम ने लंबे समय से गृहकर बकाया रखने वाले प्रॉपर्टी मालिकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को कार्रवाई शुरू कर दी। निगम की टीम सबसे पहले गांधी चौक स्थित भाजपा नेता तरुण देवीदास की प्रॉपर्टी पर पहुंची, जहां रिलायंस मेगा मार्ट संचालित हो रहा है। इस प्रॉपर्टी पर करीब 17.50 लाख रुपये गृहकर बकाया है। निगम की ओर से कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भुगतान न होने पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। मौके पर तरुण देवीदास ने क्षेत्रीय कर अधिकारी से मुलाकात कर 18 अगस्त तक का समय मांगा, जिसके बाद टीम ने फिलहाल सीलिंग रोकी।

### निशाने पर विकास वर्मा

इसके बाद टीम मुरथल जीटी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल पर पहुंची, जिस पर 40 लाख रुपये गृहकर बकाया है। बैंक्वेट हॉल के मालिक विकास वर्मा ने लिखित में आश्वासन दिया कि वह बुधवार तक पूरा बकाया जमा कर देगा।

भाजपा नेता ने बताया कि उनकी प्रॉपर्टी पर करीब दो साल का गृहकर बकाया है। इसकी पुनर्गणना के लिए निगम में शिकायत दी गई है। सोमवार तक पूरा भुगतान करने का आश्वासन दिया। वहीं, क्षेत्रीय कर अधिकारी राजेंद्र चुघ ने कहा कि लंबे समय से बकाया गृहकर जमा न करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है व अभियान आगे भी जारी रहेगा।




## सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**सोनीपत।** बीसवां मील चौक के पास सोमवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मूलरूप से बिहार के जिला मुंगेर के गांव बेहरारड़ा हॉल बढ़ मलिक स्थित दुर्गा कॉलोनी निवासी अलंकार सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके भतीजे रंजीत कुमार सिंह (29) ट्रक चालक थे। आठ साल से बीसवां मील क्षेत्र में रहकर चालक का काम करते थे। चार साल से राजेश कुमार के ट्रक पर चालक थे। अलंकार सिंह ने बताया कि रंजीत सोमवार रात को ड्यूटी खत्म कर पैदल ही कमरे की तरफ जा रहे थे। वह बीसवां मील चौक से आगे ढाबे के सामने हाईवे को पार करने लगे तो किसी वाहन ने उन्हें टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## गाड़ी का तिरपाल ठीक करते समय ट्रक ने तीन को चपेट में लिया, एक की मौत

- मुरादाबाद से राजस्थान धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जा जाते समय केजीपी पर हादसा।

**सोनीपत।** कुंडली थाना में केजीपी पर सड़क मार्ग पर गाड़ी का तिरपाल ठीक करते समय ट्रक ने तीन युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो को उपचार के बाद छुट्टी दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुरादाबाद यूपी निवासी गुरमीत ने बताया कि उसका भाई सुशील (22) मजदूरी का काम करता है। वह अपने भाई व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मुरादाबाद से राजस्थान धार्मिक स्थल पर दर्शन करने के लिए जा रहे थे। छोटा हाथी (टेम्पो) में सवार होकर गांव से चले थे। केजीपी पर पहुंचने पर बारिश आने लगी। उसी दौरान गाड़ी को साइड में खड़ी करके तिरपाल को ठीक करने लगे। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई सुशील, देवेंद्र व अंकित चपेट में आ गए। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। जबकि हादसे में घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।





# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

लाइफ Style



# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।

## हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

## टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और



नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।

# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के



ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।

# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*__मुंबई।__ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*



***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*__मुंबई।__ हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ :** एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# सब्जी मंडीः सफाई खर्च 1.10 लाख महीना, कोताही पर रोजाना 5000 जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मार्केट कमेटी गन्नौर ने सब्जी मंडी परिसर में साफ-सफाई एवं शौचालयों के रखरखाव के लिए कासंडा कोऑपरेटिव सोसाइटी को 1 अगस्त से पूरे 1 साल के लिए 4 अगस्त 2026 तक की टेंडर के बाद सफाई की जिम्मेदारी दे दी गई है। अब ठेकेदार को 1 लाख 10 हजार रुपये प्रति महीने के हिसाब से सफाई के लिए मार्केट कमेटी द्वारा भुगतान किया जाएगा। टेंडर के अनुसार एजेंसी को सब्जी मंडी में बेहतर सफाई के लिए सब्जी मंडी की दिन में तीन बार सफाई कर कचरा उठाने व नई अनाज मंडी क्षेत्र और सड़कों की प्रतिदिन सफाई करनी होगी। ठोस एवं अर्धठोस कचरे को अलग-अलग इकट्ठा कर नगर पालिका द्वारा तय स्थान पर डालना होगा। इसके अलावा ठेकेदार को सफाई उपकरण, ट्रॉली, रिक्शा की की व्यवस्था के साथ सफाई कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र और वर्दी देनी होगी। सबजी मंडी में अब सफाई कर्मचारी आई कार्ड और ड्रेस में नजर आएंगे। शौचालयों को सुबह-शाम लॉक व अनलॉक करना होगा।

## मार्केट कमेटी ने कासंडा कोऑपरेटिव सोसायटी को दिया सालभर का टेंडर, तीन नोटिस के बाद टेंडर होगा कैंसिल



शिकायत मिली तो सफाई का 2 घंटे में व स्वच्छता की शिकायत का 4 व अन्य शिकायतों का 6 घंटे में समाधान करना होगा। शौचायलों, फिटिंगस, छत, पानी की टंकी बिजली व्यवस्था सही रखना भी ठेकेदार का जिम्मा होगा।

### ऐसे तय की गई जिम्मेदारी

मार्केट कमेटी के सचिव जगबीर कादियान ने बताया कि मंडी में सफाई करने के लिए एजेंसी को टेंडर दे दिया है। अब एजेंसी सफाई का कार्य संभाल लेगी। सफाई कार्य में किसी तरह की कोई कोताही मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। सफाई करने की आवाज में मार्केट कमेटी ठेकेदार को हर महीने में एक लाख 10 हजार रुपये का भुगतान करेगी।

### पहले होगा जुर्माना, समाधान नहीं होने पर टेंडर कैंसिल

सब्जी मंडी में सफाई कार्य में कोताही मिलने पर एजेंसी को टेंडर में सख्त निर्देश दिए हैं कि लापरवाही मिलने पर प्रतिदिन 5 हजार के हिसाब से जुर्माना होगा और इसके बावजूद भी सफाई कार्य में कोताही मिलती है तो तीन नोटिस देने के बाद एजेंसी का टेंडर कैंसिल कर दिया जाएगा। इसके अलावा साफ सफाई के लिए ट्रैक्टर ट्राली के अलावा रिक्शा व मंडी में डस्टबिन भी रखने पड़ेंगे ताकि लोग व सब्जी विक्रेता कूड़े को कूड़े दान में डाल सके। शौचालयों की नियमित सफाई, फिटिंग्स की देखभाल, छत व टंकी की सफाई, पानी की टंकी भरने, बिजली फिटिंग का रखरखाव करना पड़ेगा। मंडी परिसर में मृत पशु को हटाने, अनाज मंडी में गेहूं के सीजन के दौरान अनाज मंडी के अलावा दतौली, सनपेड़ा, पुरखास, पुगथला सब यार्ड में ठेकेदार को ही सफाई करनी होगी।

## खबर संक्षेप

### डीसीआरयूएसटी में मनाया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि समृद्ध भारत बनाने में युवाओं का अहम योगदान होगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से देश को आर्थिक तौर पर समृद्ध बनाया जा सकता है। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल द्वारा आज विश्व युवा दिवस का आयोजन किया गया।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

**गोहाना।** अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में रेड रिबन क्लब, महिला प्रकोष्ठ, ईको क्लब, लीगल लिटरेसी सेल, रसायन एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय एचआईवी, रक्तदान एवं नशा मुक्ति रहा।

### छात्रा परिषद का गठन अलंकरण समारोह हुआ

**सोनीपत।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय को चार सदनों में बांटा गया है विरजानंद सदन, दयानंद सदन, श्रद्धानंद सदन और विवेकानंद सदन। विरजानंद की संचालिका नीलम, दयानंद सदन की संचालिका मोनिका, श्रद्धानंद सदन की संचालिका शशि और विवेकानंद सदन की संचालिका सरला बनी।

### ऑनलाइन सीखी वैक्यूम क्लीनर बनाने की विधि

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में एक मेगा टिंकरिंग दिवस का आयोजन किया। इस प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य अटल नवाचार (एटीएल) और गैर-एटीएल, दोनों स्कूलों के छात्रों को एक घंटे की समकालिक, व्यावहारिक नवाचार गतिविधि में एक साथ लाना है। इस पहल का उद्देश्य देश भर के लाखों छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समस्या-समाधान की भावना जगाना है। छात्रों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच की भावना को प्रेरित करना मेगा टिंकरिंग दिवस का उद्देश्य हैं। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में ऑनलाइन जूम मीटिंग के माध्यम से बच्चों को वैक्यूम क्लीनर बनाने की विधि सिखाई गई।

### फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय में मंगलवार को फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक (डीडीए) सोनीपत पवन शर्मा और एएसओ विनोद हुड्डा मुख्य रूप से पहुंचे।

## हर घर तिरंगा यात्रा व अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक : प्रो. सुदेश

कुलपति ने एनएसएस वॉलंटियर्स को विश्व युवा दिवस की शपथ दिलाई और हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव तिरंगा यात्रा को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां की छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने एन एस एस वॉलेंटियर्स को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया।

प्रो. सुदेश ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। तिरंगा यात्रा में इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग, विधि विभाग एवं कन्या गुरुकुल की सभी यूनिट्स के वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा विवि परिसर देशभक्ति के नारों एवं भारत माता के जयघोष के गूंज उठा। यात्रा में कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, डॉ. सुषमा, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतिका, डॉ. परविंदर, डॉ. शीला, डॉ. प्रीति एवं डॉ. धीरज उपस्थित रहे।



### गुरुकुल मटिंडू ने तिरंगा रैली निकाली

**खरखौदा।** गुरुकुल मटिंडू के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने खरखौदा में भव्य तिरंगा रैली निकाली। तिरंगा रैली को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा से शुरू हुई। बीईओ प्रदीप राठी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें आजादी के आंदोलन में तिरंगे की आन बान और शान के लिए लाखों क्रांतिकारियों के बलिदान को याद दिलवाया। उन्होंने हरी झंडी देकर रैली को रवाना किया। रैली में विद्यालय के डायरेक्टर दिपेंद्र दहिया, प्राचार्या ज्योति मलिक, उप-प्राचार्य राकेश, एनसीसी एएनओ एवं स्काउट मास्टर संजय, गाइड कैप्टन आरती, कब -बुलबुल फ्लॉक लीडर कंवलजीत कौर, अध्यापकों, ड्राइवरों के साथ सहयोगी कर्मचारियों ने 400 विद्यार्थियों के साथ मिलकर भाग लिया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स,स्काउट ,गाइड ,कब ,बुलबुल और साइकिल सवार छात्रों ने इस रैली को सफल बनाया। तिरंगा रैली ने पूरे खरखौदा निवासियों को जागरूक किया। इस बीच देश भक्ति के नारों से शहर गूंज उठा। सड़कों पर खड़े व्यक्तियों और दुकानदारों ने गुरुकुल की इस तिरंगा रैली की प्रशंसा की।



**गोहाना।** नारा लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो :हरिभूमि

## हर व्यक्ति के मन में हो देश के प्रति समर्पण का भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम

राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक गतिविधि समिति व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र अमन, बीए तृतीय वर्ष के छात्र मोनू व बीए द्वितीय वर्ष के हिमांशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य प्रो. डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जिस देश के लोगों में अपने देश के प्रति देशभक्ति की भावना होती है वह उसे दिन का दुश्मन कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। जिस देश के साथ उसके नागरिक सच्ची भावना के साथ खड़े रहते हैं वही देश सशक्त एवं शक्तिशाली बनता है। अपने देश को समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए हर नागरिक में देश के प्रति समर्पण की भावना होनी चाहिए। हमें अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। निर्णायक की भूमिका सांस्कृतिक गतिविधि समिति की प्रभारी डॉ. सरिता मलिक, एनएसएस प्रभारी साहिल सभरवाल और डॉ. मीना देवी ने निभाई। प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# शहीदों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

- भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद नेहरा के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद नेहरा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारे लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

पुरखास मंडल के गांव गढ़ी झंझारा में शहीदों को सम्मान देने और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हर घर तिरंगा" अभियान के तहत किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। भाजपा नेता आजाद नेहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में पूरे देशभर में 8 अगस्त से 15 अगस्त तक "हर घर तिरंगा" पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आज़ाद सिंह नेहरा ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी आज़ादी, त्याग और बलिदान का प्रतीक है, जिसके लिए अनगिनत वीरों ने अपने प्राण न्योछावर किए हैं। गांव की मुख्य सड़कों से होते तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें हाथों में तिरंगा लिए युवा, महिलाएं और बुजुर्ग देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय गौतम, राजपुर मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, महामंत्री सुखबीर प्रजापति, सुभाष सरोहा, योगेश कौशिक, सरपंच कमल नाथ, ब्लॉक समिति सदस्य रामनिवास, सुभाष लिला, राजेश राणा, जयपाल, आशीष सेन, शुभम, अशोक, विनोद, जयबीर, निरज कुमार, संजय, सुमित कुमार, नरेश जांगड़ा, जोगेंद्र सेन और टेकराम सेन सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# स्वामी दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 20 मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

- बच्चों को अच्छे नागरिक बनकर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

स्वामी दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाना में भारतीय जनहित परिषद और जग उत्थान खेल शिक्षा समिति द्वारा 20 उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मेधावी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, रजिस्टर और पैन आदि देकर सम्मानित किया गया। भारतीय जनहित परिषद के अध्यक्ष भरत शर्मा और जग उत्थान खेल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सोमबीर आर्य ने बच्चों को अच्छे नागरिक बनकर समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खरखौदा बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान कमल शर्मा ने बच्चों को माता-पिता और गुरु की सेवा के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर एडवोकेट संदीप दहिया, जिले सिंह हुड्डा, प्राचार्य पिंकी दहिया, पवन, रविंद्र और महावीर तोमर सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### ये विद्यार्थी सम्मानित

सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में अंतिम, कशिश, खुशी,जसवीर,हिमांशी, हर्षिता,गुंजन, हर्षित शर्मा, अक्षय, मानसी, सचिन, दक्ष दहिया, नैंसी, जतिन व वर्षा के नाम शामिल हैं।

## सोनीपतः कांग्रेस कमेटी ने फूंका चुनाव आयोग का पुतला, जमकर नारेबाजी की

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत द्वारा सुभाष चौक पर चुनाव आयोग की वोट चोरी के विरोध में पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक ने की। पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक ने कहा कि राहुल गांधी ने सवाल चुनाव आयोग पर उठाया है उसकी कार्यप्रणाली पर उठाया है। ऐसा भी नहीं है कि उन्होंने कोई तथ्यहीन बात कही हो। सभी सवाल तथ्यों और सबूत के साथ उठाए है तो फिर वो कहावत चरितार्थ हो रही है कि आग कहीं लगी है और धुआं कही और से उठ रहा है। जैसे ही राहुल ने वोट चोरी का मामला अपनी प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उठाया तुरन्त ही भाजपा मीडिया विभाग, सोशल मीडिया विभाग और कुछ मीडिया हाऊस क्यों बेवजह उबलने लगे हैं। सवाल चुनाव आयोग से है तो जवाब भी उसे ही देना चाहिए जबकि यहां तो उल्टा हो रहा है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने कहा कि कभी चुनाव आयोग और भाजपा ने विपक्ष पर जब आरोप लगाये है तो शपथ पत्र दिए थे क्या? राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और भाजपा के झूठे चेहरे से पर्दा हटाने का काम किया है। अब जबकि इनको जनता के सवालों के जवाब देने चाहिए ये उल्टा विपक्ष से ही सवाल पूछने लगे है शपथ पत्र मांगने लगे है।

## जरूरतमंद 107 विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में प्राइवेट कंपनी द्वारा जरूरतमंद 107 विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा द्वारा की गई, जिन्होंने स्वयं छात्राओं को यूनिफॉर्म बांटकर उनका उत्साह बढ़ाया। कहा कि शिक्षा के साथ-साथ उचित ड्रेस भी विद्यार्थियों में अनुशासन और आत्मविश्वास पैदा करती है। कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सहयोग से जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिलती है और वे समाज में आगे बढ़ने का हौसला पाते हैं। इस मौके पर मुदेश, जितेंद्र सरोहा, संदीप और अनुराधा गौतम मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक संस्थाओं और उद्यमियों का शिक्षा क्षेत्र में योगदान सराहनीय है। कहा कि जब समाज के विभिन्न वर्ग शिक्षा और विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आगे आते है।

## कानून का पालन करें और समाज में सकारात्मक योगदान दें : एसीपी



**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात कॉलेज की छात्राओं ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता और सतर्कता के महत्व को में समझाया। मुख्य अतिथि एसीपी अजीत सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को देशभक्ति की सही परिभाषा समझाई और कहा कि सच्चा देशभक्त वही है जो कानून का पालन करे और समाज में सकारात्मक योगदान दे। उन्होंने 112 एप के महत्व को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह आपातकालीन सहायता का एक सशक्त माध्यम है, जिसका सही समय पर उपयोग हर नागरिक को आना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपने मोबाइल फोन में 112 एप डाउनलोड करने की अपील भी की। मुख्य वक्ता साइबर सेल ब्रांच एसएचओ इंस्पेक्टर बसंत चौहान ने छात्रों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा, पासवर्ड प्रोटेक्शन और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## राजकीय विद्यालय में युवा संसद कार्यक्रम

**गोहाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि मदीना में मंगलवार को खंड स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 52 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। खंड स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में कक्षा 9वीं कक्षा से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विपक्ष द्वारा महंगाई, किसानों की समस्या, आतंकवाद और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उठाए। पक्ष द्वारा विपक्षी नेताओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। इन मुद्दों को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। युवा संसद कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा एक आदर्श संसद में होने वाली कार्यवाही जैसे शपथ ग्रहण, शोक प्रस्ताव, प्रश्नकाल, शून्य काल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, काम रोको प्रस्ताव व बिल प्रस्तुत करना गतिविधियां की गई। मार्गदर्शन इतिहास प्रवक्ता परीक्षा कुमारी का रहा। डाइट बिसवांमील से जगबीर राणा, धर्मवीर व विषय विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार ने जज की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बीईओ जितेंद्र गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. पंकज कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया।

## जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली

# छात्राओं ने ली रैगिंग से दूर रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** जागरूकता रैली में शामिल जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

रैगिंग करना है अपराध, कभी न देना इसका साथ नारों के साथ एंटी रैगिंग वीक के अंतर्गत जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालते हुए रैगिंग न करने की शपथ ली। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि रैगिंग किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं। शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

इस मौके पर प्राध्यापिका डा. तमन्ना ने छात्राओं को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई। एंटी रैगिंग सैल की संयोजक प्राध्यापिका डा. अनीता सैनी ने जागरूकता रैली में शामिल छात्राओं सहित सहयोगी प्राध्यापिकाओं व प्राचार्या का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एंटी रैगिंग सैल की सदस्य प्राध्यापिकाएं अंशू, सुमन, डा. नीति और डा. बबीता विशेष रूप से उपस्थित रही।

### प्राचार्या ने जागरूकता रैली को दिखाई झंडी

जीवीएम की एंटी रैगिंग सैल के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता रैली को प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कालेज परिसर से शुरू हुई जागरूकता रैली नगर के प्रमुख स्थानों से गुजरी, जिसमें शामिल छात्राओं ने रैगिंग को लेकर जागरूकता की अलख जगाई। छात्राओं ने जोरदार नारे लगाते हुए रैगिंग के दुष्परिणामों की जानकारी दी। हाथों में नारे लिखे बैनर, तख्तियां लेकर छात्राओं ने रैगिंग का विरोध किया। रैली में करीब 250 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## एंटी रैगिंग सप्ताह में होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें छात्राएंः डॉ. सारिका



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में रैगिंग निषेध प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के तत्वाधान में व डॉ. योगिता के दिशा निर्देश में एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने रैगिंग के विषय पर अपने विचार भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सारिका ने उपस्थित छात्राओं को बताया कि 12 से 18 अगस्त के बीच एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जाता है। जिसमें पोस्टर मेकिंग,भाषण, वाद-विवाद, स्लोगन, लघु नाटक प्रस्तुति, निबंध लेखन, लघु फिल्म दिखाना, कविता गायन आदि कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को रैगिंग के बारे में जागरूक किया जाता है। इन विषयों से संबंधित प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है, ताकि छात्राएं इसके विषय में ज्यादा से ज्यादा जागरूक हो। उन्होंने यह भी बताया कि छात्राओं ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर खुद जागरूक बनना है तथा दूसरों को भी जागरूक बनाना है। रैगिंग निषेध सप्ताह के अंतिम दिन अर्थात 18 अगस्त को इन प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। पूरा सप्ताह यह प्रतियोगिताएं चलती रहेंगी। वहीं दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद युवा क्लब प्रभारी डॉ. शालिनी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि है ग्राम पंचायत सेवली, राई, सोनीपत में प्रजापत चौपाल की नीलामी दिनांक 20-08-2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रजापत चौपाल में होनी निश्चित है। बोली की शर्तें मौके पर पढ़कर सुना दी जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि व स्थान पर मौका हाजिर आकर बोली लगा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सेवली, खण्ड राई, सोनीपत।**
**Ph.-9315424235**

# नगर निगम 10 वार्डों में शुरू करेगा सीएफसी, मांगे 30 कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम ने नागरिकों को छोटी-छोटी सेवाओं के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए 10 वार्डों में कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। इन सेंटरों को सुचारू रूप से चलाने के लिए 30 कर्मचारियों की मांग हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भेजी गई है। गृहकर बिल में सुधार और जमा करने, आधार कार्ड अपडेट, पानी के बिल का भुगतान, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने, जन समस्याओं की शिकायत दर्ज करने जैसी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो वर्ष पूर्व सीएफसी की शुरुआत हुई थी।

लेकिन स्टाफ की कमी के कारण ये केंद्र लगभग ठप हो गए और नागरिकों ने वहां जाना बंद कर दिया। मेयर के निर्देश पर अब इन केंद्रों को पुनर्जीवित करने की कवायद जारी है। नगर निगम की योजना के अनुसार प्रत्येक सीएफसी में एक लिपिक, एक मेकर, एक चपरासी और एक चौकीदार तैनात किया जाएगा, साथ ही बिजली-पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### सुविधाओं का विकेंद्रीयकरण करना हमारा उद्देश्य



मेयर ने कहा कि निगम क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं का विकेंद्रीकरण करने के उद्देश्य से सीएफसी योजना बेहद उपयोगी सिद्ध हो सकती है। नगर निगम के पास मौजूदा स्टाफ से ये केंद्र चलाना संभव नहीं है। जैसे ही कौशल रोजगार निगम से कर्मी मिलेंगे, सीएफसी पूरी क्षमता के साथ कार्य करने लगेंगे।

*-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम सोनीपत।*

### नगर निगम ने भेजी हरियाणा कौशल रोजगार निगम को मांग

## निगम क्षेत्र में नए सीएफसी खोलने की तैयारी

- मेयर राजीव जैन ने दी जानकारी, स्टाफ की कमी का दिया हवाला

वर्तमान में नगर निगम के वार्ड 1 (रैन बसेरा), वार्ड 3 (सेक्टर 14 सामुदायिक केंद्र), वार्ड 5 (बाबा धाम के पीछे सामुदायिक केंद्र), वार्ड 9 (गांव राठधना) और वार्ड 11 (नगर निगम कार्यालय) में CFC संचालित हो रहे हैं। अब वार्ड 7 (गांव रायपुर), वार्ड 8 (राई), वार्ड 13 (कबीरपुर सैनी भवन), वार्ड 17 (पुरानी कचहरी सामुदायिक केंद्र) और वार्ड 18 (सेक्टर 23 सामुदायिक केंद्र) में नए सीएफसी खोलने की तैयारी है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई राजलू गढ़ी में 182 सीटें रिक्त

**गन्नौर।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में ऑन द स्पॉट दाखिलों की अंतिम तिथि 12 अगस्त से बढ़ाकर अब 22 अगस्त कर दी है। वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि संस्थान में कुल 284 सीटों पर दाखिले होने थे, अभी भी 182 सीटें रिक्त हैं।

### लाठी डंडों से मारपीट करने पर चार काबू

**सोनीपत।** शहर सोनीपत पुलिस टीम ने युवक के साथ लाठी-डंडो व रॉड से मारपीट करके गंभीर चोट पहुंचाने की वारदात में शामिल चार आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नीतीश व अभिषेक दोनों निवासी भटाना जाफराबाद व प्रवीन निवासी गढ़ी ब्राह्मण व सुधीर निवासी गांव चिटाना का है। आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित व हथियार मुहैया करवाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप गांव घसौली व निशांत उर्फ निशु निवासी मलिकपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल व दूसरे को रिमांड पर भेजा है।

### संदिग्ध हालत में किशोर लापता, मामला दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में किशोर के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोर की तलाश के लिए प्रयास कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसका 14 वर्षीय बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गया।

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने घर का ताला तोड़कर चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साजिद निवासी मुजफ्फरनगर यूपी हाल में बड़ौत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### सीबीएसई नॉर्थ जोन -2 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

# प्रताप स्कूल के बॉक्सरों ने 9 पदक जीतकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन

गुरुग्राम में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन -2 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल के मुक्केबाजों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 9 पदक अपने नाम किए और टीम ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। हंशिका (75 किग्रा) और निधिश मलिक (+91 किग्रा) ने जीता गोल्ड। देव (52 किग्रा), आर्यन (48 किग्रा), शिवम (-60 किग्रा) और कुशल (66 किग्रा) ने सिल्वर पदक हासिल किए। देव मलिक (60 किग्रा), मंशु (-69 किग्रा) और संस्कृत (56 किग्रा) ने ब्रॉन्ज पदक जीते। स्वर्ण व रजत पदक विजेता खिलाड़ियों का सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओम प्रकाश दहिया, प्रिंसिपल दया दहिया और एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, बॉक्सिंग कोच संदीप, पिंकू व नवीन ने भव्य स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओ.पी. दहिया ने कहा कि विद्यालय में खेलो इंडिया साई सेंटर और हरियाणा खेल विभाग की 6 खेल नर्सरी संचालित हैं, जहां एथलीट्स को इंटरनेशनल लेवल के कोच, अत्याधुनिक जिम, इंडोर-आउटडोर ट्रेनिंग एरीना, रिंग, ट्रैक, और रिकवरी थेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ. सुबोध दहिया ने कहा, विद्यालय में खेल और शिक्षा का ऐसा संतुलित माहौल तैयार किया गया है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मददगार है। जीतकर लौटे खिलाड़ियों ने कहा कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता के आशीर्वाद, कोचों की मेहनत और विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का बड़ा योगदान है।

### बलराम ने व्हीलचेयर क्रिकेट में दिलाई जीत

**सोनीपत।** सोनीपत के बलराम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मेलमारुवथुर में आयोजित व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। 7 से 9 अगस्त 2025 तक खेले गए इस टूर्नामेंट में बलराम सौरभ मलिक की कप्तानी वाली टीम सी का हिस्सा थे, जिसने रोमांचक फाइनल में तमिलनाडु के संतोष की टीम बी को हराकर अम्मा ट्रॉफी अपने नाम की। बलराम ने पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक क्षणों में उनकी धारदार गेंदबाजी और तेजतर्रार बल्लेबाजी ने टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। करनाल के वेदपाल और फरीदाबाद के नसीरुल गफ्फार के साथ बलराम को हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने का गौरव मिला। व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन और डिफरेंटली-अबलेड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तमिलनाडु व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन ने इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट का आयोजन किया। एचडब्ल्यूसीए अध्यक्ष अनुराग कश्यप और चेयरपर्सन तरंग कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



**सोनीपत।** विजेता बलराम अपनी ट्राफी के साथ।

### नेटबाल चैंपियनशिप के लिये ट्रायल 14 को

**सोनीपत।** जिला सोनीपत नेटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंह ने बताया कि 40वीं सीनियर नेशनल फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, पलवल में 28 से 31 अगस्त 2025 तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। इसके लिए 40वीं सीनियर स्टेट फास्ट5 नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन रॉयल पब्लिक स्कूल, गुरुग्राम में 23 और 24 अगस्त को होगा, जिसमें सोनीपत की पुरुष और महिला टीमें भी हिस्सा लेंगी। सोनीपत जिला टीम के चयन हेतु ट्रायल और कैंप 14 अगस्त को शाम 4 बजे नारायण महाराज नेटबॉल स्पोर्ट्स ग्राउंड, जूनियर जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सामने आयोजित किए जाएंगे।

### तेजस ने आर्चरी में जीता कांस्य पदक



**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा छठी के प्रतिभाशाली छात्र तेजस ने जिले स्तरीय आर्चरी (तीरंदाजी) प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। तेजस का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हो चुका है, वे सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके चयन से विद्यालय में खुशी है। विद्यालय परिसर में छात्रों और शिक्षकों ने तेजस की उपलब्धि पर जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्या अनीता यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए, क्योंकि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और टीमवर्क की भावना भी विकसित करते हैं। तेजस के माता-पिता ने भी विद्यालय प्रबंधन और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया ।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### सीबीएसई नोर्थ जॉन-2 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** सीबीएसई नोर्थ जॉन-2 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में हिमांग पाथरिया और मिलान दहिया ने स्वर्ण पदक, जनिशा खत्री और हर्षित ने रजत पदक व कनिष्का खत्री ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में लगभग तीन हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों की खेल भावना को सराहते हुए भविष्य में शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।





**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में किया खो-खो टीम का स्वागत

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ की खो-खो अंडर -19 लड़कियों की टीम ने सीबीएसई क्लस्टर पंद्रह में रजत पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साथ ही एचबीएसई खेलों में खो -खो टीम लड़कों की अंडर -19 टीम ने खंड स्तर पर पहला स्थान प्राप्त करके जिला स्तर के लिए अपनी जगह बनाई। विद्यालय पहुंचने पर विजेताओं का भव्य स्वागत किया गया और सम्मान सभा का आयोजन किया गया। जिसका मंच संचालन अध्यापिका ज्योति ने किया। इस दौरान विजेता विद्यार्थियों और दोनों प्रशिक्षकों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों व उनके प्रशिक्षकों को विद्यालय के द्वारा नकद राशि के साथ सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला महेंद्रगढ़ के देवयानी इंटरनेशनल विद्यालय में किया गया, जो 9 से 11 अगस्त तक हुई। आनंद स्कूल के साथ फाइनल मैच खेलते हुए कल्पना चावला विद्यापीठ की टीम ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। इस समारोह में प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु, प्रशिक्षक पूनम और अमन खत्री सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में अधिवक्ता की शिकायत पर मामला दर्ज

- केस दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर धरना देने के साथ किया था वर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

अधिवक्ताओं से पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट के मामले में शहर थाना में केस दर्ज किया गया। एक अधिवक्ता की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। अधिवक्ता कुलदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। उन्होंने शिकायत दी कि चार अगस्त को उनके पास जूनियर अधिवक्ता अंकित ने फोन करके उन्हें बताया था कि कुछ पुलिस कर्मियों ने मुगलपुरा रोड पर उससे मारपीट की और गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे। इसके बाद उनका फोट कट गया था। उन्होंने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप पूनिया व अन्य अधिवक्ताओं को अवगत कराया। रास्ते में पुलिस कर्मी अंकित को गाड़ी में बैठाए मिले। इसके बाद उन समेत कई अधिवक्ता थाना पहुंचे। पुलिस कर्मियों से अंकित को उठाकर लाने के बारे में पूछा तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अधिवक्ता मोबाइल से वीडियो बनाने लगे तो थाने के कर्मियों ने फोन करके कई अन्य पुलिस कर्मियों को बुलाया जो सादे कपड़े पहने हुए थे। अधिवक्ताओं से मोबाइल छीनकर धक्का मुक्की की गई। कुलदीप के अनुसार उस समेत पांच अधिवक्ताओं को पुलिस कर्मी धक्के मारते हुए थाना के अंदर ले गए और मारपीट करते हुए हवालात में डाल दिया। इसके बाद एक पुलिस अधिकारी के कहने पर अधिवक्ताओं से मारपीट की गई। अधिवक्ताओं ने बाद में अस्पताल जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। आरोप है कि अधिवक्ताओं के मोबाइल पुलिस के कब्जे में हैं। अधिवक्ता केस दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पांच अगस्त से धरना देने के साथ वर्क सस्पेंड रखे हुए थे।

# गोशाला सिसाना में मृत गायों को दबाने को जगह नहीं, हड़वारा भी नहीं

### प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** अपनी मांग रखते सिसाना गौशाला के पदाधिकारी।

गोशाला सिसाना प्रधान रणदीप दहिया की अगुवाई में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस खरखौदा में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। जिसमें गोशाला कार्यकारिणी के कई सदस्य मौजूद रहे। रणदीप दहिया ने बताया कि गौशाला में मृत गायों को दबाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है और न ही हड़वारा उपलब्ध है। पास के स्थान पर गड्ढे खोदने पर भूजल निकल आता है, जिससे बारिश में मिट्टी धंस जाती है और वाहन भी फंस जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। रोहतक व सोनीपत नगर निगम कमिश्नर से भी इस मुद्दे पर बात हो चुकी है, पर परिणाम शून्य रहा। मृत पशुओं को रोहतक भेजने पर रास्ते में विवाद की आशंका रहती है, इसलिए वहां भी नहीं भेज पा रहे। गायों के अंतिम संस्कार को बिजली संयंत्र लगाकर समाधान किया जा सकता है। सुरेंद्र बनिया ने भी सरकार से जल्द समाधान की अपील की।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर ईश्वर, आजाद, प्रताप, चंद्रभान छिनौली, रामेश्वर गढ़ी सिसाना, कृष्ण, जिले सिंह, बलराज सिंह,नफे सिंह सिलाना, राजसिंह सिसाना, रमेश सिसाना, जगदीश सरपंच, राजेन्द्र सिंह, महाबीर, भगवत दयाल सिसाना, दहिया खाप प्रमुख सुरेंद्र दहिया मौजूद रहे।



**गन्नौर।** रेलवे रोड पर दुकानदारों को चेतावनी देते गन्नौर थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार।

### अतिक्रमण पर पुलिस ने कसी लगाम दुकानदारों को चेताया, अब होगी सख्ती

**गन्नौर।** शहर में पैदल आवागमन सुचारु बनाने और बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित करने के लिए गन्नौर थाना व बड़ी थाना पुलिस ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। पुलिस टीम ने रेलवे रोड और नगर पालिका रोड पर दुकानदारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर अपील की कि वे तुरंत दुकान के बाहर रखा सामान और ऊपर लगे टीन शेड हटा लें। गन्नौर थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने साफ कहा कि दुकानों के आगे बने नालों से बाहर तक फैला सामान और फुटपाथ पर किए गए ढांचे राहगीरों के लिए परेशानी का सबब हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बार-बार नोटिस व मौखिक चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण हटाने में लापरवाही बरतने वालों पर अब सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गरीबों के राशन वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

- सीएम फ्लाई व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तरफ से की गई थी छापेमारी
- छापेमारी के दौरान मिला था अतिरिक्त गेहूं, आरोपित को पुलिस ने जमानत पर किया रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री उड़ान दस्ते और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के सिटी प्लाजा स्थित एक राशन डिपो पर छापेमारी कर आठ क्विंटल से ज्यादा अतिरिक्त गेहूं बरामद करने के मामले में आरोपित अशोक चावला के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित को पुलिस बेल पर रिहा किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार देर शाम मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को सूचना मिली कि सिटी प्लाजा स्थित सरकारी राशन डिपो पर निर्धारित स्टॉक से अधिक गेहूं रखा गया है और वितरण में गड़बड़ी की जा रही है। जांच के दौरान वहां से आठ क्विंटल से अधिक अतिरिक्त गेहूं बरामद हुआ, जिसका कोई संतोषजनक हिसाब या रिकॉर्ड डिपो होल्डर प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके से बरामद गेहूं को जब्त कर लिया गया है और पूरे स्टॉक व रजिस्टर की जांच की गई। टीम ने डिपो के सभी दस्तावेज कब्जे में लेकर रिकॉर्ड खंगाले गए। मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को दी।

**निर्माण** टेंडर किए अलॉट, जल्द शुरू किया जाएगा निर्माण कार्य

# दो वार्डों में 1 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से मंगलवार को गन्नौर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने वार्ड नंबर 12 और वार्ड नंबर 13 में 50-50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शुरुआत से ही यह प्रयास किया कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हों और बजट का पूरा लाभ जनता तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। सभी टेंडर अलाट कर दिए गए हैं। बाकी वार्डों में भी निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यों में सड़कों का निर्माण, नालियों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था में सुधार और स्ट्रीट लाइटों की स्थापना प्रमुख हैं। इस अवसर पर वार्ड 12 से पार्षद राजेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि रामकरण कोच, पार्षद विकास शर्मा, पार्षद अंकित त्यागी, पार्षद शमशेर सैनी, पार्षद प्रतिनिधि हरविंदर त्यागी, पार्षद सचिन, पार्षद नरेश वर्मा, पार्षद अजय सरोहा, पार्षद कृष्ण टांक आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी वार्ड 13 में गली निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए।

## वार्ड 23 में आठ लाख रुपये से होगा गली का निर्माण

- निर्माणकार्य के तहत गली में डलवाई जाएगी 3 फुट मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नगर परिषद (नप) द्वारा गोहाना के वार्ड संख्या 23 में गली का निर्माण करवाया जाएगा। गली इंटरलॉक टाइलों से पक्की होगी। निर्माणकार्य के तहत गली में 3 फुट मिट्टी डलवाई जाएगी। मंगलवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने गली निर्माण शुरू किया। गली में दोनों तरफ भूमिगत पाइप दबाए जाएंगे ताकि पानी की समुचित निकासी की जा सके। गली निर्माण पर 8 लाख रुपये खर्च होंगे। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि नगर परिषद द्वारा लोगों से सलाह मशवरा करके उनके सहयोग से शहर में विकासकार्य करवाए जा रहे हैं। नगर परिषद शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहने देगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद जगदीश राय ने की। इस अवसर पर कृष्ण मलिक, प्रदीप कुमार, जितेंद्र मोर, पं. अक्षय, बिजेंद्र, सुनीता देवी, कविता, प्रकाशी, कोमल और सरोज उपस्थित रहे।



**गोहाना।** नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी नारियल फोडक़र गली निर्माण कार्य शुरू करते हुए। फोटो : हरिभूमि